## मुख्यमंत्री बोले, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा, किसानों-गरीबों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

# डबल इंजन सरकार 'वेस्ट' से 'वेल्थ' बना रही: योगी

### संबोधन

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेस्ट को वेल्थ में बदलकर अन्नदाता किसानों की आय में बढ़ोतरी किया जाना डबल इंजन की सरकार में ही संभव है। पूर्वांचल के पहले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट में धान की पराली और गाय के गोबर से बायोगैस और जैविक खाद बनेगी। किसान गाय के गोबर के साथ पराली से भी कमाई करेगा। इससे पर्यावरण की सुरक्षा होगी और खेतों की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ धुरियापार में बने इंडियन ऑयल के सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) प्लांट के लोकार्पण और 222 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ दशक पहले लोगों ने यह मान लिया कि यहां कुछ हो नहीं सकता है पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यहां



महाशिवरात्रि पर गोरखपुर में शुक्रवार को पूजन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

उद्योग बनकर तैयार हो गया है। सीबीजी प्लांट का उपहार महाशिवरात्रि के दिन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले धुरियापार के विकास को लेकर कोई सोच भी नहीं सकता था। आज यहां उद्योग लग रहे हैं। सड़कें चौड़ी हो रही हैं। बाढ़ से बचाव हो रहा है। किसानों को सम्मान निधि और गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उज्ज्वला योजना के 1.75 करोड़ गैस कनेक्शन यूपी में दिए गए हैं और सरकार इन्हें होली और दिवाली में मुफ्त गैस सिलेंडर दे रही है।

**आस्था का सम्मान:** योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की पहचान विकास के साथ आस्था का सम्मान करने से जुड़ी है। दुनिया एक नए भारत का दर्शन कर रही है। यहां विकास है, आस्था का सम्मान है, सुरक्षा है, नौजवानों के लिए आजीविका है। उन्होंने कहा कि दक्षिणांचल को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से गीडा से जोड़ा जा रहा है।

**222** करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास हुआ

### यूपी में 100 बायोगैस प्लांट शुरू होंगे : हरदीप

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ऑयल कंपनियां प्रदेश में फिलहाल 10 बायो गैस प्लांट संचालित कर रही हैं। आने वाले दिनों में ऑयल मार्केटिंग कंपनियां 100 प्लांट यूपी में खोलने जा रही हैं। इसके लिए जमीन प्रदेश सरकार ने मुहैया कराई है। उन्होंने कहा कि इंडियन ऑयल द्वारा 165 करोड़ से तैयार बायोगैस प्लांट से किसान आत्मनिर्भर होगा। प्लांट में 200 टन धान की पराली और गाय के गोबर की जरूरत होगी। प्रतिदिन 20 टन कंप्रेस्ड बायोगैस और 120 टन जैविक खाद का उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि यूपी की अर्थव्यवस्था 2027 तक एक ट्रिलियन हो जाएगी।

## किसान हर माह 1045 यूनिट बिजली मुफ्त पाएंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश सरकार के फैसले के बाद पावर कारपोरेशन ने किसानों के निजी नलकूप कनेक्शन पर मुफ्त बिजली का आदेश जारी कर दिया है।

किसानों को तय सीमा से अधिक खपत पर अतिरिक्त बिजली का भुगतान करना पड़ेगा। 31 मार्च 2023 तक के बिजली बिल बकाये को शून्य करने पर ही मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। बुंदेलखंड के किसानों को प्रतिमाह 1300 और अन्य किसानों के कनेक्शन पर 1045 यूनिट बिजली मुफ्त होगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने का सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने कहा योजना का लाभ लेने पर किसानों को कनेक्शन पर मीटर लगाना अनिवार्य होगा। 31 मार्च 2023 से पूर्व के बकाये का भुगतान करने के लिए प्रबंधन ने अधिभार (ब्याज) माफी की योजना भी दी है। बकायेदार किसानों को 30 जून 2024 तक इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा।

### मक्के की खेती बढ़ेगी किसानों को अनुदान

सरकार राज्य में मक्के की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू करेगी। इस योजना के तहत प्रदेश में दो लाख हेक्टेयर मक्के का रकबा बढ़ेगा और 11 लाख मीट्रिक टन से अधिक मक्के का उत्पादन प्राप्त होगा। योजना के तहत एक लाभार्थी को अधिकतम दो हेक्टेयर की सीमा तक ही अनुदान दिया जाएगा।